हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 10 अंक : 282 | मंगलवार, 10 मई, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



चार धाम यात्रा पर कांग्रेस हमलावर हुई व्यवस्थाओं को बताया आधा अधूरा 3

# चम्पावत उपचुनाव : धामी ने किया नामांकन पत्नी गीता धामी ने लगाया विजय तिलक





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सोमवार दोपहर की कड़ी धूप में जीत की ठंडी छाँव के लिए उत्तराखंड के सीएम धामी ने चंपावत उपचुनाव का नामांकन कर दिया है। आपको बता दें कि चंपावत सीट पर 31 मई को उपचुनाव होना है... जिसमें भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस की निर्मला गहतोड़ी से होगा ... चंपावत उपचुनाव का परिणाम 3 जून को आएगा... बीते विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित नतीजे आये और सीएम पुष्कर सिंह धामी खटीमा से चुनाव हार गए थे... बावजूद इसके पार्टी ने धामी को ही सीएम बना दिया था लिहाज़ा उपचुनाव जीतना ज़रूरी है इसलिए अब चम्पावत में उप चुनाव हो रहा है... इसके पहले चंपावत के बीजेपी विधायक कैलाश गहतोड़ी ने सीएम धामी के लिए अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया था....

हांलाकि उम्मीद थी कि CM धामी जब चंपावत उपचुनाव के लिए आज नामांकन करेंगे तो कई बड़े नेता शामिल रहेंगे लेकिन सीमित नेताओं की मौजूदगी में पर्चा दाखिल किया गया और इस दौरान उनके साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक मौजूद थे... इसके साथ ही अल्मोड़ा से बीजेपी के लोकसभा सांसद अजय टम्टा भी नामांकन के दौरान मौजूद थे. दरअसल चंपावत विधानसभा सीट अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है. सीएम धामी के लिए अपनी सीट कुर्बान करने वाले बीजेपी नेता कैलाश गहतोड़ी भी नामांकन के दौरान मौजूद थे.

चंपावत विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने से पहले सीएम धामी ने रोड शो किया... इस दौरान सीएम के समर्थन में सड़कों पर लोगों की काफी भीड़ दिखाई दी... इसके पहले उनकी पत्नी गीता पुष्कर धामी ने विजय तिलक लगाकर सीएम को शुभकानाएं दी और फिर काफिले में सीएम धामी को उनके समर्थकों ने फूलों के हार पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस तरह से उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज़ करा दी है।

## सीएम योगी से मिली स्पीकर ऋतू खंडूरी कोटद्वार से जुड़े मुद्दे पर हुई बातचीत



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की । इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं यूपी सीएम के बीच उत्तराखंड राज्य के विकास एवं कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर लंबी वार्ता हुई।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने लखनऊ पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान हनुमान की मूर्ति भेंट कर ऋतु खंडूडी का सम्मान किया। कोटद्वार से विधायक एवं उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद ऋतु खंडूडी की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह पहली मुलाकात थी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऋतु खंडूडी को उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी । इस मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड के विकास संबंध में विभिन्न विषयों पर वार्ता की । वहीं अपनी विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार से जुड़े अहम मुद्दों को लेकर भी सीएम योगी से विस्तृत में बातचीत की, मुख्यमंत्री ने भी विधानसभा अध्यक्ष को क्षेत्र के विकास में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया ।

## चम्पावत में विकास ही मेरा मुद्दा : पुष्कर सिंह धामी, सीएम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि चंपावत की महान जनता ने आम चुनाव में कैलाश सिंह गहतोड़ी को प्रचंड बहुमत से जिताया। मैंने आज यहां से प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है। हमारे यहां बहुत संभावनाएं हैं , पर्यटन, बागवानी, शिक्षा सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े इसके लिए हम काम करेंगे।




इसके साथ उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैंने आज कैलाश सिंह गहतोड़ी की उपस्थिति में नामांकन किया है। उन्होंने कहा कि मैं चंपावत के ग्रामीण इलाकों के रहने वाले लोगों को बेहतर रोड और इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ रोजगार उपलब्ध कराने पर काम करूंगा.... मैं चंपावत के लोगों की सेवा करने के लिए तैयार हूं... इस क्षेत्र में विकास ही मुद्दा है... इसके साथ धामी ने कहा, 'यह मेरा सौभाग्य है कि मां बाराही, मां पूर्णागिरि, गोल्ज्यू देवता और बाबा गोरखनाथ की भूमि से मुझे चुनाव लड़ने का अवसर मिल रहा है... चंपावत के देवतुल्य जनता से मुझे जिस प्रकार का प्रेम व स्नेह मिला है, उसका धन्यवाद करने हेतु मेरे पास शब्द नहीं है... इसके साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सेवक का दायित्व मिलने के बाद मैंने प्रदेश की हर विधानसभा में जाने का प्रयास किया और उत्तराखंड की देवतुल्य जनता ने भाजपा को 47 सीटें देकर इतिहास बनाने का कार्य किया... इसके बाद सीएम धामी ने लोगों से



# उत्तराखंड का नाम रोशन करेगी मुख्यमंत्री धामी की 'गीतांजलि', ये है प्रोजेक्ट





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड सरकार के नाम एक और बड़ी उपलब्धि शामिल होने जा रही है। युवा सीएम धामी की नज़र जहाँ पर्यटन और आर्थिकी को आगे बढ़ाने की है। वहीँ अब बेहतरीन एजुकेशन के लिए मशहूर उत्तराखंड के नैनीताल को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में गीतांजलि का भी नाम शामिल हो जायेगा। जैसा कि आप जानते हैं कि रविन्द्र नाथ टैगोर की कर्मस्थली में अब विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है और सीएम धामी ने इसका भूमिपूजन भी कर दिया है... लिहाज़ा अब देवभूमि के नाम एक और प्रतिष्ठान शामिल हो जायेगा नाम है ₹गीतांजलि₹

राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की 161वीं जयंती के मौके पर रामगढ़ में रविन्द्र नाथ टैगोर की कर्मस्थली में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि यहां बनने वाला परिसर गीतांजलि के नाम से जाना जाएगा और ये क्षेत्र शिक्षा के लिए अग्रणी काम करेगा... इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि आने वाला दशक उत्तराखंड का है... यहां पर्यटन से लेकर शिक्षा स्वास्थ्य पर बेहतर काम होगा और लोग पहाड़ आयेंगे...



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामगढ़ में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के परिसर की स्थापना में अपनी रुचि व्यक्त की है.... इस योजना को मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड के लिए गर्व की बात बताई है और कहा है कि इस सौगात से जहां विश्व भारती केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड को भारत के प्रमुख शिक्षा केन्द्र के रूप में स्थापित होने का अवसर प्राप्त होगा, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे... यह राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों एवं शोधार्थियों के लिए भी नया गंतव्य बनेगा... ऐसे में इस स्थान को दुनिया गीतांजलि कैंपस के नाम से जाने तो इससे बेहतर और क्या बात होगी।

गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को जोड़ासांकू ठाकुरबाड़ी कोलकता में हुआ था और साहित्य के लिये नोबल पुरस्कार पाने वाले टैगौर 1903 से 1913 तक तीन बार रामगढ आए थे। यहीं उन्होंने अपना आशियाना भी बनाया... और इसी धरती पर उन्होंने गीतांजलि के कुछ अंश की रचना की थी। इतना ही नहीं गुरुदेव ने इसी देवभूमि के हिस्से में रहते हुए तीन देश भारत , श्रीलंका और बंगलादेश का राष्टगान भी लिखा... ऐसे यादगार धरती को पहचान दिलाने के लिए केन्द्र सरकार ने रामगढ़ में विश्वभारती विश्वविघायल की घोषणा की थी, जिसके बाद 45 एकड़ भूमि भी इसके लिये उपलब्ध करा दी गई है...

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि विश्व भारती की स्थापना के लिए प्रथम चरण में 150 करोड़ रुपये की डीपीआर केन्द्र सरकार में स्वीकृति की प्रक्रिया में है... उत्तराखंड सरकार द्वारा 45 एकड़ भूमि में विश्व भारती केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर की स्थापना की औपचारिकता पूर्ण कर ली गई... ऐसे में जब ये संस्थान बनकर तैयार होगा तो न सिर्फ ज्ञान की गंगा बहेगी बल्कि देवभूमि के नाम एक और धरोहर जुड़ जाएगी जिसका नाम होगा ₹गीतांजलि

# छात्रों के साथ अभिभावकों को प्लास्टिक मुक्त अभियान से जोड़ा जाये : मनुज गोयल, नगर आयुक्त





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून नगर निगम के नगर आयुक्त मनुज गोयल ने श्री महाबीर जैन कन्या इन्टर कालेज का निरीक्षण किया जिसमें नगर निगम देहरादून द्वारा चलाये जा रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान के अन्तर्गत स्कूल के बच्चों द्वारा एकत्रित किये गये सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट/कूड़े का एकत्रीकरण एवं निस्तारण की गतिविधियों की जानकारी ली ।

इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 श्वेता सिंह ने बताया कि स्कूल की समस्त छात्राओं द्वारा अपने घरों से एकत्र किये गये प्लास्टिक वेस्ट को स्कूल में जमा किया जा रहा है तथा एकत्र किये गये प्लास्टिक वेस्ट को नगर निगम देहरादून के द्वारा उचित तरीके से निस्तारित किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने अनूप नौटियाल, ब्रांड एम्बेसेडर, स्वच्छ भारत सर्वेक्षण को इस कार्य में और अधिक प्रगति लाने, शहर के अन्य स्कूलों को भी इस अभियान में सम्मिलित करने तथा स्कूल के बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त अभियान की गतिविधियों, इससे होने वाले नुकसान तथा प्लास्टिक से होने वाले दुश्प्रभाव की जानकारी उपलब्ध कराने की सलाह दी है।

नगर आयुक्त मनुज गोयल ने स्कूल की छात्राओं को अपने माता-पिता तथा अन्य लोगों को भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया गया। नगर आयुक्त ने स्कूल के बच्चों से भी इस सम्बन्ध में जानकारी ली निरीक्षण के दौरान अनूप नौटियाल, ब्रांड एम्बेसेडर, स्वच्छ भारत सर्वेक्षण, सफाई निरीक्षक राजेश बहुगुणा, क्षेत्रीय सफाई सुपरवाईजर बृजमोहन तथा स्कूल प्रबन्धन कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# चार धाम यात्रा पर कांग्रेस हमलावर हुई व्यवस्थाओं को बताया आधा अधूरा






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (फ़िरोज़ गाँधी)**

उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बताया कि चारधाम यात्रा में सरकार ने व्यवस्थाएं पूरी नहीं की हैं.. खास तौर पर बिजली और स्वास्थ्य को लेकर चारधाम में कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है.... ये बयान तब सामने आया है जब खुद उत्तराखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा गढ़वाल दौरा कर वापस लौटे हैं।

गढ़वाल दौरे से लौटने के बाद उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि चारधाम यात्रा में सरकार के दावों को देखना चाहता था...उन्होंने कहा कि उन्होंने यात्रा में पाया कि सरकार के दावे पूरी तरह खोखले हैं... लगातार लोगों की मौत हो रही है... करण माहरा ने कहा कि चारधाम यात्रा में अब तक 16 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है....

करण माहरा ने धामी सरकार पर बरसते हुए कहा कि चारधाम यात्रियों के लिए चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं की गई है... जो पुराने शौचालय थे वही हैं... नया कोई नहीं बना है... महिलाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है... बारिश से बचने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है... गरीब लोगों के लिए रैन बसेरा की भी कोई व्यवस्था नहीं है. . केदारनाथ में बिजली की व्यवस्था न के बराबर है... कांग्रेस का ये हमला तब हुआ है जब सरकार चार धाम यात्रा को ऐतिहासिक और रिकॉर्ड यात्रियों की मेजबानी का दावा कर रही है।

# अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा में रिवर्स पलायन पर दिया जोर

## चम्पावत को छोड़कर अन्य सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों ने किया बैठक में प्रतिभाग

- ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर दिया जाय विशेष ध्यान
- ग्रामीण विकास से जुड़े अन्य विभागों के साथ किया जाय समन्वय
- प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का निर्माण जुलाई 2022 तक किया जाय पूर्ण
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़कों का कार्य सितम्बर तक किया जाय पूर्ण
- पपलायन की रोकथाम के लिये तैयार की जाए समुचित कार्य योजना सभी संबंधित विभागों को इसमें बनाया जाए सहयोगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने चम्पावत को छोड़कर अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों के साथ ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में ग्राम्य विकास से सम्बन्धित शासन के अधिकारी भी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव द्वारा विभाग के अन्तर्गत संचालित केन्द्र पोषित, राज्य पोषित एवं वाह्य सहायतित परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में जनपदवार/योजनावार विस्तृत समीक्षा की गयी।

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कन्वर्जन्स के माध्यम से अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय पर ध्यान दिया जाय, साथ ही आगामी बैठक में कन्वर्जन्स के माध्यम से किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। ग्राम्य विकास विभाग के अधीन संचालित प्रत्येक योजना के अन्तर्गत सफलता एवं असफलता की कहानी तैयार कर प्रस्तुत करने एवं योजना आउटकम का विश्लेषण/अध्ययन किये जाने के निर्देश भी अपर मुख्य सचिव ने दिये।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्पादित उत्पादों को आउटलेट के माध्यम से विपणन व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने के साथ ही दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत उद्योगों की मांग के अनुसार सम्बन्धित ट्रेडों में युवाओं को प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत माह जुलाई 2022 तक समस्त आवासों को पूर्ण किये जाने के निर्देश भी उन्होंने दिये। अपर मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर 22 तक कार्यों को पूर्ण करने तथा जिन भूमि स्वामियों की जमीन अधिग्रहण की गयी है का मुआवजा तत्काल भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गयं। पलायन पर अंकुश लगाने की दृष्टि से पलायन रोकथाम योजना के अन्तर्गत रिवर्स पलायन पर जोर दिया जाए जिसके लिये समुचित कार्य योजना तैयार की जाय। सभी विभागीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत विगत वर्ष के अपूर्ण कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश भी अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी मुख्य विकास अधिकारियों को दिये गये।

बैठक में आनन्द स्वरूप, अपर सचिव/आयुक्त, ग्राम्य विकास, उदयराज सिंह, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, रीना जोशी, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, नरेन्द्र कुमार जोशी, निदेशक, उसाटा, उपायुक्त ग्राम्य विकास ए. के. राजपूत के साथ ही जनपद चम्पावत को छोड़कर अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





# औलाद पैदा न करने पर बेटे बहु से माँगा 5 करोड़ और किया अनोखा मुकदमा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आपने सगे रिश्तों में जमीन जायदाद और प्रॉपर्टी के लिए झगडे मुकदमें खूब सुने होंगे , लेकिन आज जो खबर हम आपको बता रहे हैं ऐसा शायद ही आपने सुना होगा। क्या कोई माँ बाप अपने बेटे बहु पर सिर्फ इसलिए केस ठोंक सकते हैं कि वो बच्चे पैदा नहीं कर रहे हैं। जी हाँ ऐसा हुआ है उत्तराखंड की धर्म नगरी हरिद्वार में जहाँ एक पायलट बेटे और जॉब कर रही बहु पर मुकदमा लिखवाया है उनके ही माता पिता ने और मांगा है 5 करोड़ रूपये





आपको शायद यकीन न हो लेकिन ये सच है कि हरिद्वार में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमें पोता-पोती का सुख ना देने पर वृद्ध माता-पिता ने अपने बेटे और बहू पर कोर्ट में केस कर दिया है.... इतना ही नहीं हरिद्वार की तृतीय एसीजे एसडी कोर्ट में दायर किए गए वाद में वादियों ने बेटे के लालन-पालन और उसकी शिक्षा में खर्च हुए करीब 5 करोड रुपये वापस मांगे हैं...

बुजुर्ग दंपति के वकील अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि संजीव रंजन प्रसाद बीएचईएल में अधिकारी पद पर कार्यरत थे... रिटायरमेंट के बाद वे अपनी पत्नी साधना प्रसाद के साथ एक हाउसिंग सोसाइटी में रहते हैं... दंपत्ति ने अपने इकलौते बेटे श्रेय सागर की शादी साल 2016 में नोएडा की शुभांगी सिन्हा से की थी... श्रेय सागर पायलट है, जबकि उसकी पत्नी शुभांगी भी नोएडा में जॉब करती हैं... बुजुर्ग दंपत्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शादी के 6 साल बाद भी उनका बेटा और बहू संतान पैदा नहीं कर रहे हैं, जिससे उन्हें काफी मानसिक वेदना से गुजरना पड़ रहा है...

**परवरिश में खर्च हुआ 5 करोड़ मांगा वापस**

यूं तो माता-पिता अपनी संतान की परवरिश के लिए अपनी पूरी जमा पूंजी लगा देते हैं, लेकिन हरिद्वार के इस दंपति ने अपने बेटे की परवरिश में खर्च हुए करीब 5 करोड रुपये बहू और बेटे से वापस दिलाने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई है... उनका कहना है कि बेटे को इतना काबिल बनाने के बाद भी अगर उन्हें बुढ़ापे के दिनों में अकेले जीवन गुजारना पड़ रहा है तो ये उनके साथ प्रताड़ना के समान है... बुजुर्ग दंपति की प्रार्थना पत्र पर कोर्ट में केस दर्ज कर लिया गया है... मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख तय की गई है... लेकिन अब इस मुक़दमे की चर्चा सभी तरफ सुनाई दे रही है क्योंकि बुजुर्ग माता पिता का ये एक बोल्ड और दिलेर फैसला भी माना जा रहा है। देखना ये होगा कि पहले म्युकद्मे का फैसला आता है या दादा दादी की गोद में नन्हा मेहमान

# दुबई में प्रवासी भारतीयों को सतपाल महाराज ने दिया देवभूमि आने का निमंत्रण

## साहसिक पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बन रहा उत्तराखंडः सतपाल महाराज




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी)**

दुबई में आयोजित चार दिवसीय अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) के पहले दिन पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड पर्यटन के पवेलियन के साथ-साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और इंडिया टूरिज्म पवेलियन का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने एटीएम में लगे उत्तराखण्ड समेत विभिन्न राज्यों के स्टॉलों का और उनकी खासियत को समझा।



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड साहसिक खेलों का खजाना है। ऐसे में उत्तराखण्ड साहसिक पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बन रहा है। यहां रोमांच से भरपूर साहसिक पर्यटन की अमीम संभावना है। प्रदेश में साहसिक खेलों की संभावनाओं और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओर से प्रति वर्ष उत्तराखण्ड एडवेंचर फेस्ट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दुबई समेत दुनिया भर में बसने वाले भारतीय मूल के लोगों से अपील करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि एक बार उत्तराखण्ड अवश्य आएं। उत्तराखण्ड में हिमालय की सुंदर चोटियों व विश्व प्रसिद्ध चारधाम समेत गंगा, यमुना जैसी प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल भी है। जहां आप पुण्य लाभ कमाने के साथ प्रकृति का आनंद उठा सकते हैं। इस अवसर पर अपर महानिदेशक केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय रूपिंदर बराड़, दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. अमन पुरी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल शिव शेखर शुक्ल, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद बोर्ड के अपर निदेशक विवेक सिंह चौहान, नैनीताल जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# भूसे की किल्लत से पहले अलर्ट हुए डीएम राजेश कुमार ने दिए सख्त निर्देश




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मौसम की मार से पशु भूसे की कमी से न जूझे इसके लिए देहरादून के जिलाधिकारी डॉ आर. राजेश कुमार ने सख्त आदेश जारी किये हैं। अब वो कारोबारी सावधान हो जाएं जो ईट भट्टा / गत्ता फैक्ट्री मालिक हैं और तूडा, भूसा, गेहूँ ,पैडी, गुवार, सरसो भूसा इत्यादि को ईंट पकाने और गत्ता बनाने के लिए प्रयोग कर रहे हैं। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने कहा है कि तूडा, भूसा, गेहूँ ,पैडी, गुवार, सरसो भूसा इत्यादि को देहरादून की सीमा के अन्दर या जनपद से बाहर भी भेजा जाता है जिससे पशुओं के लिए सूखे चारे की कमी पैदा हो सकती है। भविष्य में वर्षा न होने से यह स्थिति और भी भयावह होने की सम्भावना है। इस सम्बन्ध में सचिव पशुपालन, मत्स्य डेयरी एवं सहकारिता ने पशुओं हेतु भूसे की कीमतों में भारी वृद्धि एवं भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाये जाने के आदेश जारी किये गये है।

ऐसी स्थिति में सूखे चारे (भूसा) की सूखाग्रस्त क्षेत्रों पर अत्यधिक आवश्यकता हो सकती है। ऐसी स्थिति पैदा न हो इसके लिए जिलाधिकारी, डॉ0 आर राजेश कुमार ने जनपद देहरादून में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समस्त जनपद देहरादून में ऐसे सूखा भूसा, तूड़ा (गेंहू, गवार, सरसों, पैडी इत्यादि) को जनपद देहरादून में स्थित सभी भट्टो, गत्ता, बनाने के लिए तथा जनपद देहरादून से बाहर भेजने, अनावश्यक मण्डारण, कालाबाजारी एवं पराली जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित किया गया है। लिहाज़ा अगर कोई व्यापारी या व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 संपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत कार्यवाही की जाएगी। तो आप भी अगर इस तरह के व्यापार में शामिल हैं तो डीएम देहरादून की इस सख्ती को हल्के में बिलकुल न लें।

# यात्रियों की मौत पर स्वास्थ्य मंत्री हुए अलर्ट, एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस तैनात करने के दिए निर्देश

## यात्रियों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा देगी फर्स्ट मेडिकल रिस्पांस टीम






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी)**

बीते कुछ ही दिनों में तीर्थयात्रियों की रास्ते में हुई मौत के बाद स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत अब अलर्ट हो गए हैं। हेल्थ मिनिस्टर ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थ यात्रियों को चारधाम मार्गों पर विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दे दिये गये हैं। यात्रा रूटों पर खासकर उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग एवं चमोली जनपदों में तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य में संचालित 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के अलावा एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस (एएलएस) तैनात की गई हैं, जो 108 एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत काम करेंगी। मेडिकल ऑफिसर, फिजिशियन, आर्थोपेडिशियन, फार्मासिस्ट एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती चार धाम यात्रा मार्ग के चिकित्सा इकाइयों में कर दी गई है। महानिदेशक स्वास्थ्य को चारधाम यात्रा से संबंधित जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये गये हैं।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया की गई हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्गों पर एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस (एएलएस) सहित जगह-जगह फर्स्ट मेडिकल रिस्पांस टीम तैनात कर दी गई है। यात्रा मार्ग पर आठ ब्लड बैंक एवं चार ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित किये गये हैं। डॉ0 रावत ने बताया कि जनपद चमोली में श्री बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब व तुंगनाथ आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए तीन एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस तथा तेरह 108 आपताकालीन एम्बुलेंस तैनात की गई है। जबकि गौचर से लेकर श्रीबदरीनाथ धाम तक विभिन्न स्थानों पर 19 अस्थाई मेडिकल यूनिट खोली गई हैं, जिनमें चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टॉफ व वार्ड व्याय सहित चार सदस्य तैनात किये गये हैं। प्रत्येक यूनिट में ईसीजी मशीन, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध कराई गई है। जनपद चमोली में वर्तमान में कुल 75 चिकित्सक यात्रा रूट पर तैनात किये गये हैं। इसी प्रकार उत्तरकाशी जनपद में यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में यात्रियों के लिए पांच एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस एवं चौदह 108 आपातकालीन एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। डॉ0 रावत ने बताया कि डामटा से लेकर यमुनोत्री धाम तक 11 स्थाई व 1 अस्थाई चिकित्सा इकाईयां हैं, जिनमें चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं वार्ड ब्वॉय को तैनात किया गया है। सभी चिकित्सा इकाइयों में ईसीजी मशीन, कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर सहित सभी दवाईयां उपलब्ध हैं। इसके अलावा जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक पैदल मार्ग पर प्रत्येक एक किलोमीटर पर पांच फर्स्ट मेडिकल रिस्पांस टीम (एफएमआर) तैनात की गई है, जिनकी संख्या में वृद्धि की जायेगी। ऐसे ही ब्रह्मखाल से लेकर गंगोत्री धाम तक दस स्थाई चिकित्सा इकाईयां उपलब्ध है। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर तीन फर्स्ट मेडिकल रिस्पांस टीम भी तैनात है। तीर्थ यात्रियों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्षिल में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध की गई है जबकि जानकीचट्टी में कार्डियक एम्बुलेंस की तैनाती कर दी गई हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आठ स्थाई चिकित्सा इकाइयों एवं 14 अस्थाई मेडिकल रिलीफ पोस्टों पर सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित पर्याप्त एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत न हो इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा गया है।

# कांग्रेस विधायक विक्रम नेगी ने हवन पूजा कर सरकारी आवास में किया प्रवेश



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के विधायकों के लिए बने रेसकोर्स में विधायक हॉस्टल में आवंटित अपने आवास में प्रताप नगर से नव निर्वाचित विधायक विक्रम नेगी ने अब एक महीने से ज्यादा समय के बाद शुभ मुहूर्त और हवन पूजा के बाद प्रवेश किया है। इस दौरान विधायक नेगी ने विधि विधान से हवन एवं पूजा अर्चना की ।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है । जिन मूलभूत आवश्यकताओं को राज्य का निर्माण हुआ जिसमें राज्य की मातृ शक्ति युवाओं ,पूर्व सैनिकों का योगदान हमेशा याद किया जायेगा ।लम्बे संघर्षों के बाद हमारी माताओं बहनों युवाओं ने अपने प्राणों का बलिदान देकर राज्य का निर्माण हुआ है जिसमें रोजगार पलायन स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को हम दृढ़ संकल्प है । आज हम देवभूमि के समस्त देवी देवताओं से प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना करते हैं ।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी,युद्धवीर सिंह रावत, जसपाल सिंह पंवार, राकेश बिष्ट, संजीव वर्मा, कैलाश नेगी, प्रमोद नेगी आदि लोग उपस्थित रहे।


# चंपावत में उपचुनाव देख खाली पद भरने की तैयारी, डीएम ने शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चंपावत जिले में उपचुनाव को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खाली पदों को भरने की तैयारी है। जिलाधिकारी चंपावत नरेंद्र सिंह भंडारी ने उपचुनाव का हवाला देते हुए शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभागीय अधिकारियों के खाली पदों को भरने के लिए कहा है।

प्रदेश में शिक्षा विभाग के अजीबोगरीब कारनामे हैं। विभाग में पहली बार ऐसा हुआ जब किसी जिले में विभाग के अधिकारी न होने पर जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी का प्रभार जिला पर्यटन अधिकारी को दे दिया गया हो, चंपावत जिले में यह स्थिति बनी, हालांकि इस जिले में अब विभाग की ओर से सीईओ की तैनाती कर दी गई है, लेकिन जिले में अब भी जिला शिक्षा अधिकारी माध्ययिक का एक, खंड शिक्षा अधिकारी के चार एवं उप खंड शिक्षा अधिकारी के दो पद पिछले काफी समय से खाली चल रह हैं।

इसके अलावा कुछ अन्य जिलों में भी अधिकारियों के कई पद खाली हैं, लेकिन चंपावत जिले में उपचुनाव होने हैं। जिसे देखते हुए शासन प्रशासन को जिले में विभाग के अधिकारियों के खाली पदो की याद आई है। डीएम ने शिक्षा सचिव को इस मामले में पत्र लिखकर कहा है कि जिले में उपचुनाव होने हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों के इन खाली पदों को भरा जाए। डीएम का शासन को



पत्र मिलने के बाद विभाग की ओर से इन पदों को भरने की तैयारी है। शिक्षा निदेशालय की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है।

प्रदेश में रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, टिहरी, अल्मोड़ा और ऊधमसिंह नगर सहित कई जिलों में अधिकारियों के पद खाली हैं। इसके अलावा अपर निदेशक के दो और संयुक्त निदेशक के तीन, उप निदेशक के 23, खंड शिक्षा अधिकारी के 52 और उप शिक्षा अधिकारी के 45 पद लंबे समय से खाली हैं। विभागीय अधिकारियों के 125 पद खाली हैं।

चंपावत जिले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खाली पदों को भरने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, इसके लिए निर्वाचन आयोग से भी अनुमति लेनी पड़ सकती है।

# एमडीडीए बोर्ड बैठक में 2022-23 के लिए रू 55403.75 लाख के व्यय का बजट पेश






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय में बोर्ड मीटिंग आयोजित हुई जिसमें प्राधिकरण के अध्यक्ष / गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार मौजूद रहे। बोर्ड मीटिंग में सबसे पहले प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रू 55403.75 लाख के व्यय का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसमे प्रमुख रूप से लगभग रू 100 करोड़ रू के विभिन्न विकास कार्यों के लिए रू० 243.12 करोड़ रुपये का बजट विभिन्न स्थलों परज़मीन खरीदने के लिए रखा गया है। इस दौरान बैठक में कुल 42 विषय सामने रखे गए थे, इसके अतिरिक्त 11 अनुपूरक विषय भी अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत किये गए थे।

भू उपयोग परिवर्तन एवं शिथिलीकरण के सभी प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका के कारण शासन को दिशा निर्देश भेजने का भी फैसला किया गया। इस बैठक के दौरान जो मामले भवन मानचित्रों से सम्बंधित थे उन्हें नियमानुसार स्वीकृति दे दी गयी। प्राधिकरण की डालनवाला में पहले से मौजूद कार्यालय की जमीन पर भी माननीय उच्च न्यायलय के आदेशों के अनुसार कार्य करते हुए नये ऑफिस के निर्माण के लिए सोमवार को हुई बोद बैठक में मंजूरी दे दी गयी।

महायोजना में कृषि भू-उपयोग होने किन्तु राजस्व अभिलेखों में दर्ज आबादी में एकल आवासीय भवनों की स्वीकृति के प्रकरण में ऐसे भूखंड जो 500 मीटर के दायरे में हैं, उनमे भवन अनुमति के लिए कृषि से आवासीय में भू उच्चीकरण हेतु छूट के सम्बन्ध में शासन से उचित दिशा निर्देश प्राप्त करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

एक बड़े फैसले के तहद बोर्ड बैठक में ऋषिकेश क्षेत्र में मौजूदा नगर निगम कार्यालय की भूमि पर बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में फैसला हुआ है कि डिजाइन कंसलटेंट की फीस रू 25 लाख से अधिक है इसलिए प्रोक्योरमेंट पालिसी के तहत शासन के वित्त अनुभाग से अनुमति लेने के निर्देश दिए गए है।

# गणेश जोशी का खुलासा, सीएम धामी को मसूरी से दिया था चुनाव लड़ने का ऑफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि चम्पावत से पहले उन्होंने अपनी विधानसभा सीट मसूरी से सीएम को चुनाव लड़ने की सलाह दी थी लेकिन उन्होंने चम्पावत को ही चुना। आपको बता दें कि नामांकन के साथ ही चम्पावत में चुनावी हवा तेज़ हो गयी है। धामी सरकार में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने चम्पावत में एक सभा के दौरान कहा है कि चम्पावत की जनता आज विधायक को नहीं मुख्यमंत्री को चुनने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने पुष्कर सिंह धामी को कहा था कि मसूरी से चुनाव लड़े किंतु उन्होंने गोलू देवता की पावन धरती को चुना, यह चम्पावत की महान जनता का ही स्नेह है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह चुनाव उत्तराखंड के विकास का है। मंत्री ने सैनिक कल्याण एवं कृषि के माध्यम से प्रदेश में चल रही योजनाओं का भी ज़िक्र अपने सम्बोधन में किया।



# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में सास गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी सास को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पति, ससुर व देवर को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मृतका के भाई ने दहेज हत्या के आरोप में ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

बीते बृहस्पतिवार को चिन्यालीसौड़ के नैरी गांव में विवाहिता कुसुमलता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतका कुसुम के भाई द्वारिका प्रसाद ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए धरासू थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। द्वारिका ने बताया था कि अप्रैल 2021 में उसकी बहन कुसुम की शादी नैरी गांव निवासी प्रमोद थपलियाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कुसुम को दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। द्वारिका ने बताया कि जिस कमरे में कुसुम का शव रखा गया था, वह कमरा कुसुम का नहीं था।

कुसुम के गले पर घाव थे और मंगलसूत्र भी तोड़ा गया था। द्वारिका की शिकायत पर धरासू पुलिस ने पति प्रमोद थपलियाल, ससुर प्रेमदत्त, देवर सुबोध व सास सुमति के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। कुसुम 6 माह की गर्भवती थी। बीते शुक्रवार देर रात को पुलिस ने पति प्रमोद, देवर सुबोध व ससुर प्रेम दत्त को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

वहीं सोमवार को पुलिस ने सास सुमति को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विवेचना कर रहे सीओ अनुज ने कहा कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# ई-श्रम पोर्टल पर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराये : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने अधिकारियों को ई-श्रम के अंतर्गत वर्तमान तक असंगठित कामगारों के जनपदवार पंजीकरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रम कार्ड बनाने हेतु मजदूरों को कॉमन सर्विस सेंटर आने से मजदूरी का नुकसान होता है, इस बात का ख्याल रखते हुए श्रमिकों को उनके कार्यस्थल के आसपास ही रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु कैंप आयोजित किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण निशुल्क है। सीएससी केंद्रों को इसके लिए भारत सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को, श्रमिकों का पोर्टल पर निशुल्क पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया जा सके, इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, साथ ही दुर्गम क्षेत्रों में लगातार कैंप लगाकर श्रमिकों के पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

आपको बता दें कि भारत सरकार द्वारा अगस्त 2021 में असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने हेतु ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसमें 16 से 59 वर्ष की आयु के घरेलू श्रमिक, मनरेगा कामगार, कृषि एवं भूमिधर मजदूर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, भवन निर्माण श्रमिक, ठेला एवं फेरीवाले, ईंट-भट्टा मजदूर, मछुवारे सहित लघु एवं खुदरा दुकानदार पंजीकरण करवा सकते हैं, इसके साथ ही इसमें ऐसे कामगार जो ईएसआईसी या ईपीएफओ के सदस्य नहीं हैं या जो सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, भी पंजीकरण करवा सकते हैं। ई-श्रम पोर्टल www.eshram.gov.in पर जाकर स्वयं या निकटतम सीएससी एवं राज्य सेवा केंद्रों में भी पंजीकरण किया जा सकता है।

इस बैठक में सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, रविनाथ रमन एवं विनोद कुमार सुमन सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



## संपादकीय

# वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका

वर्ष 1960 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से मिलने के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति चार्ल्स डी गॉल ने घोषणा की थी, 'दक्षिण एशिया में शांति एवं स्थायित्व के लिए भारत की शक्ति एवं स्थिरता आवश्यक है.' उस समय में जब अमेरिका पाकिस्तान से मित्रता में व्यस्त था, जर्मनी के चांसलर कोनराड एडेनाएर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना में सहयोग का निर्णय लिया था, जो अब एक विश्व प्रसिद्ध संस्था है. इन महादेशीय यूरोपीय शक्तियों से भारत के संबंधों की जड़ें गहरी हैं, हालांकि उनका निर्धारण शीत युद्ध के द्वारा हुआ है. इसलिए, यह आश्चर्यजनक नहीं है कि यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों पर पूर्व एवं पश्चिम के बीच पुराने तनावों के उभार का साया पड़ रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा दोनों पक्षों को एक-दूसरे की सुरक्षा चिंताओं के बारे में बेहतर समझ बनाने में मददगार हो सकती है. यह देखना बाकी है कि क्या इससे समीकरणों में मूलभूत बदलाव हो सकता है. 'मध्यवर्ती शक्तियों' के रूप में फ्रांस, जर्मनी और भारत जैसे देशों को अपने लिए एक नीतिगत स्थान की तलाश करनी चाहिए तथा इन्हें अपना पक्ष निर्धारित करने के लिए अमेरिका, चीन एवं रूस जैसी बड़ी शक्तियों के दबाव में नहीं आना चाहिए. यूरोप में रूस की आक्रामकता से पैदा हुई यूरोपीय संघ की चिंताओं को समझा जा सकता है. भारत भी एशिया में चीन की आक्रामकता को लेकर चिंतित है. क्या ये साझा चिंताएं भारत एवं यूरोपीय संघ के बीच नये समीकरण का आधार हो सकती हैं? क्या यूरोपीय नेता डी गॉल की समझ को विस्तार देने और उस वाक्य से 'दक्षिण' को हटाने के लिए तैयार हैं? यूरोप में शीत युद्ध के बाद की सुरक्षा संरचना को छिन्न-भिन्न करने के रूसी प्रयासों के बाद भी भारत ने रूस एवं यूरोपीय संघ के साथ अपने समीकरणों को बरकरार रखा है. दोनों पक्ष भले भारत से असंतुष्ट हों, पर उत्तर-औपनिवेशिक काल में भारत का यही रूख रहा है. भारत किसी को प्रसन्न करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि उसकी चाहत एक ऐसे वैश्विक वातावरण की रही है, जो उसके आर्थिक विकास के अनुकूल हो तथा जो मानवता के प्रति उसके सभ्यतागत योगदान का संज्ञान ले. हालांकि यूक्रेन पर रूस के हमले के संदर्भ में मोदी की यूरोप यात्रा और यूरोपीय संघ के प्रमुख की भारत यात्रा हुई है, यह तथ्य है कि यूरोपीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का एजेंडा यूरोपीय संघ की पसंद से बहुत अलग था. जहां विभिन्न देशों, विशेष कर जर्मनी एवं फ्रांस, ने रक्षा साजो-सामान की बिक्री समेत अपने रणनीतिक और व्यापारिक हितों पर ध्यान केंद्रित किया, वहीं यूरोपीय संघ की प्राथमिकता व्यापार व निवेश नियमों पर सहमति बनाने पर रही. राष्ट्रीय और सामूहिक एजेंडे में इस विभाजन ने भारत के लिए अक्सर समस्या पैदा की है, क्योंकि अलग-अलग देश रक्षा सौदों के बदले बाजार तक द्विपक्षीय पहुंच प्रस्तावित नहीं कर सकते हैं. इसीलिए जब चांसलर शुल्ज और राष्ट्रपति मैकरां भारत के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा कर रहे थे, तो भारत में हॉलैंड के राजदूत ने याद दिलाया कि यूरोपीय संघ केवल शुल्क आधारित व्यापार समझौते पर सहमत नहीं हो सकता है, क्योंकि इसमें श्रम, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों जैसे संघ द्वारा जोर दिये जा रहे बिंदु शामिल नहीं होंगे.

## प्रदेश में मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

# पांच पर्वतीय जिलों में ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने की चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



**देहरादून।** उत्तराखंड के अधिकांश पर्वतीय क्षेत्रों में भीषण गर्मी से फौरी राहत मिलने की संभावना है। प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में मंगलवार को आकाशीय बिजली चमकने, तेज गर्जन, ओलावृष्टि, तीव्र बौछारें पड़ने के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

इसको लेकर राज्य मौसम विज्ञान केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार रात करीब आठ बजे बाद पौड़ी व टिहरी में जहां हल्की बारिश हुई, वहीं ऋषिकेश और देहरादून में कई इलाकों में तेज अधड़ चला और बूंदाबांदी भी हुई। जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली।

सोमवार को जहां मैदानी क्षेत्रों में गर्मी और उमस ने बेहाल किया, वहीं उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश की रिमझिम फुहारों से राहत महसूस की गई।


देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, ऊधमसिंहनगर, हल्द्वानी आदि मैदानी क्षेत्रों में दिनभर गर्मी ने बेहाल किया। यहां अधिकतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया गया। पर्यटन नगरी मसूरी और नैनीताल में धूप खिलने से अधिकतम तापमान एक डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड पुलिस में श्रेय लेने की होड़, शामली पुलिस बोली लुटेरों को हमने पकड़ा; दून के एसएसपी ने कहा संयुक्त अभियान में हुई गिरफ्तारी राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि मंगलवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर व पिथौरागढ़ जनपदों में गर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है।

**चल सकती हैं तेज हवाएं**

आकाशीय बिजली चमकने के साथ 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इन पांच जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि राज्य के अन्य पर्वतीय जनपदों में भी ओलाविष्ट, तीव्र बौछारें व तेज हवाएं चल सकती हैं। राज्य के मैदानी जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# मोहाली में इंटेलिजेंस दफ्तर में धमाका, हमले की आशंका, मुख्यमंत्री मान ने डीजीपी से रिपोर्ट मांगी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पंजाब पुलिस के मोहाली स्थित इंटेलिजेंस विंग के हेडक्वार्टर में धमाका हुआ है। शुरूआती जानकारी में पता चला है कि इंटेलिजेंस विंग की दूसरी मंजिल पर यह ब्लास्ट हुआ है। इसके फ्रंट साइड में धमाका बताया जा रहा है, जिससे दफ्तर के कांच टूट गए। मोहाली पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मोहाली के सेक्टर 78 में एसएएस नगर में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस हेड क्वार्टर में शाम करीब 7:45 बजे एक मामूली विस्फोट की सूचना मिली। किसी नुकसान की सूचना नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं और जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीमों को बुलाया गया है।

आशंका है कि पंजाब इंटेलिजेंस दफ्तर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला हुआ है। हालांकि इससे किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन इस हमले ने एक बार फिर सुरक्षा इंतजामों की सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने सारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। मीडिया को भी दफ्तर से दूर रोक दिया गया है। मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंच गया है। बिल्डिंग के आसपास आवासीय क्षेत्र नहीं है। मीडिया सूत्रों के अनुसार साढ़े सात बजे के आसपास धमाका हुआ है। जानकारी के अनुसार पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है। मोहाली एसएसपी भी मौके पर पहुंचे हैं। सीएम भगवंत मान ने भी घटना की रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने डीजीपी से मामले की पूरी जानकारी ली है। मुख्यमंत्री भगवंत मान लगातार अफसरों के संपर्क में हैं।

धमाका उस समय हुआ जब दफ्तर में छुट्टी हो चुकी थी और अधिकतर मुलाजिम निकल चुके थे। हमले से बिल्डिंग के शीशे टूट गए हालांकि किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ रात 10:00 बजे कि वह आईटी टीम से लेकर अन्य पुलिस दस्ते मौके पर पहुंच गए थे।

एक दिन पहले तरनतारन में मिला था ने डेढ़ किलो आरडीएक्स व अन्य विस्फोटक सामग्री

पंजाब में लगातार आतंकी गतिविधियां देखने को मिल रही है। गत दिवस ही पंजाब पुलिस ने पुलिस ने डेढ़ किलो आरडीएक्स व अन्य विस्फोटक सामग्री के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आईईडी को निष्क्रिय कर आरडीएक्स भेजने वाले की पहचान में जुट गई है।

एडीजीपी आंतरिक सुरक्षा आरएन ढोके ने बताया था कि तरनतारन पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमृतसर स्थित अजनाला के गांव गुज्जरपुरा निवासी बलजिंदर सिंह उर्फ बिंदू और गांव खानोवल निवासी जगतार सिंह उर्फ जग्गा विस्फोटक सामग्री लेकर नौशेरा पन्नुआं इलाके में घूम रहे हैं। तत्काल पुलिस टीम को अलर्ट किया गया और पड़ताल के दौरान दोनों को दबोच लिया गया। आरोपियों के पास से एक काले रंग का बाक्स मिला, जिसमें आईईडी टाइमर, डेटानेटेर, बैटरी और छर्रे बरामद हुए। इसमें करीब डेढ़ किलो आरडीएक्स था।



# 500 रुपए के लिए फैन की बाइक पर बैठी सारा अली खान, वीडियो वायरल

सारा अली खान इन दिनों अपने अभिनय के लिए मशहूर हैं, हालाँकि इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. जी हाँ और इस वीडियो में सारा अली खान का एक फैन पहले उनके साथ सेल्फी खिंचवाता है और फिर बाद में सारा को 500 रुपए पकड़ाता है. आप देख सकते हैं 500 रुपए देखकर सारा बहुत खुश हो जाती हैं और पैसों पर झपट पड़ती हैं. वैसे पहले तो इस वीडियो को देख कर लगता है कि सारा 500 रुपए पर ऐसे क्यों टूट पड़ीं? वह तो खुद नवाबों की बेटी और सैफ अली खान की लडली हैं.

हालाँकि मामला कुछ और है. जी दरअसल सारा को एक टास्क मिला है जिसमें कॉमेडियन क्वीन भारती सिंह भी शामिल हैं. जी हाँ, सारा अली खान का ये मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है. इस वीडियो में सारा अली खान को रास्ते पर आते जाते लोगों को उन्हें पैसे देने के लिए कन्वेंस करना होता है, सारा को अलग अलग तरह से लोगों से पैसे मांगने हैं और अपने टैलेंट को दिखाते हुए मनी कलेक्ट करनी होती है. इस दौरान सारा कुछ लोगों को टारगेट कर उनसे पैसे मांगने पहुंचती हैं जिसमें भारती भी उनकी मदद करती हैं, इस दौरान सारा और भारती का अनलिमिटेड फन भी चालू रहता है.

जी दरअसल इस वीडियो में पहले फैन से उन्हें पैसों की डिमांड पूरी होती नजर नहीं आती तो वह दूसरे के पास जाती हैं. वहीं दूसरा शख्स ऑटो वाला होता है जो सारा को साफ पैसे देने से इनकार कर देता है, अब अचानक एक कूल लडक़ा रास्ते में सारा को मिलता है जो एक्ट्रेस को देख कर रुक जाता है और 500 रुपए देने का ऑफर देता है, सारा भी खुश हो जाती हैं. इसके बदले में सारा लडक़े के साथ सेल्फी लेती हैं. वहीं पैसे देखते ही सारा 500 के नोट पर झपट पड़ती हैं और खुशी से पैसे ले लेती हैं. इसके बाद सारा एक अन्य रेडम शख्स के पास पहुंचती हैं जो सारा को 100 रुपए देने की बात करता है, सारा नहीं मानतीं और आगे बढ़ जाती हैं. इसके बाद एक और शख्स सारा को मिलता है जो उन्हें अपनी बाइक में बैठाता है राउंड दिलवाता है और 500 रुपए भी देता है. इस तरह सारा अपना टास्क पूरा कर पाती हैं.

# एआर रहमान की बेटी का हुआ शानदार वेडिंग रिसेप्शन, वीडियो वायरल

हिंदी सिनेमा के मशहूर संगीतकार ए आर रहमान की बेटी ने बीते दिनों निकाह किया है और उस दौरान के फोटोज को फैंस ने बहुत पसंद किया। जी दरअसल कुछ समय पहले उनकी बेटी खतीजा का निकाह हुआ है, जिसके बारे में वह सोशल मीडिया के जरिए अपडेट दे रहे हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने बेटी खतीजा की शादी की तस्वीर शेयर की थी और अब उन्होंने वेडिंग रिसेप्शन का वीडियो भी शेयर किया है। जी हाँ और इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं। आप देख सकते हैं एआर रहमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी के रिसेप्शन का जो वीडियो शेयर किया है, उसमें बेटी खतीजा और दामाद रियासदीन शेख पारंपरिक लुक में स्टेज पर मेहमानों से मिलते दिखाई दे रहे हैं, वहीं खतीजा हमेशा की तरह पर्दे में दिखाई दीं। अब लोग कमेंट कर इस नए जोड़े को बधाई दे रहे हैं और दोनों के लुक की भी तारीफ़ कर रहे हैं। वैसे एआर रहमान ने अपनी बेटी की शादी के निकाह से लेकर रिसेप्शन तक को शानदार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

आप देख सकते हैं वेडिंग वेन्यू पर शानदार सजावट और लाइटिंग की गई है, लेकिन यह सभी कुछ बेहद सादगी के साथ किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि समारोह में किसी तरह का कोई धूम धड़ाका नहीं है। संगीत को भी क्लासिकल ही रखा गया है। आप सभी को बता दें कि एआर रहमान ने 23 वर्ष की उम्र में अपना धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूल कर लिया था।

## लॉक अप के विनर बनते ही फूट-फूटकर रोये मुनव्वर फारुखी, ट्रॉफी के साथ मिली ये चीजें

70 दिनों के कड़े संघर्ष के बाद मुनव्वर फारूकी जीत गए हैं। वह लॉक अप के विनर बन गए। आप सभी जानते ही होंगे मुनव्वर फारूकी को शुरू से ही गेम का मास्टरमाइंड बताया जा रहा था। ऐसे में कई लोग पहले ही मुनव्वर को शो का विनर मान चुके थे और मुनव्वर सबकी उम्मीदों पर खरे उतरे और अंत में शो की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। आप सभी को बता दें कि स्टैडअप कॉमेडियन से लेकर लॉक अप का विनर बनने तक मुनव्वर ने एक लंबा सफर तय किया है। जी हाँ और लॉक अप में एंट्री लेते ही मुनव्वर ने लोगों को अपना रियल साइड दिखाया।

केवल इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर शॉकिंग खुलासा भी किया। वैसे शो की ट्रॉफी के अलावा मुनव्वर को 20 लाख रुपये कैश प्राइज मनी, एर्टिगा और इटली ट्रिप पर जाने का मौका भी मिला है।

# कोरोना में किसी ने धर्म की चिंता नहीं की, लाउडस्पीकर विवाद पर बोले सोनू सूद


आप सभी जानते ही होंगे बीते कई दिनों से देश में लाउडस्पीकर और हनुमान चालीसा विवाद गर्माया हुआ है। जी हाँ, और अब तक कई नेता से लेकर अभिनेता इस मुद्दे पर अपनी राय दे चुके हैं। हाल ही में एक्टर सोनू सूद भी विवाद में अपनी राय रखने लगे हैं और हाल ही में उन्होंने इस विवाद को लेकर दुख जताया और लोगों से साथ मिलकर रहने की अपील भी की। जी दरअसल हाल ही में पुणे के छ्व्ढ्ढञ्जह्र कनेक्ट 2022 समिट में शामिल हुए सोनू सूद ने कहा, हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर को लेकर चल रहे विवाद से दुख होता है और जिस तरह लोग एक-दूसरे के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। वह भी दिल तोड़ देता है। पिछले ढाई सालों में हमने मिलकर कोरोना महामारी से लड़ाई लड़ी है। ऐसे में हमें अभी भी साथ रहना चाहिए।

इसी के साथ एक्टर ने आगे कहा, कोरोना की पहली और दूसरी लहर में जब लोगों को ऑक्सीजन की जरूरत थी, तो किसी ने धर्म की चिंता नहीं की। सभी ने एक दूसरे की मदद की। राजनीतिक दलों ने भी बिना किसी का धर्म देखे सबके बारे में सोचा, कोरोना के कारण हम एक हो गए थे, फिर अब क्या हुआ? इसी के साथ सोनू सूद ने राजनीतिक पार्टियों से भी अपील की कि वो सभी बेहतर देश के लिए एक साथ आए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि, हमें धर्म और जातियों की सीमाओं को तोडऩा होगा ताकि हम मानवीय आधार पर योगदान दे सके।

अब अगर काम के बारे में बात करें तो सोनू सूद हालिया रिलीज हुई फिल्म आचार्य में नजर आए हैं, जहाँ उन्हें बहुत पसंद किया गया। इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है और इस फिल्म के बाद जल्द सोनू पृथ्वीराज में नजर आने वाले हैं।

# पत्नी नताशा के बर्थडे पर वरुण धवन ने कुछ इस तरह दी बधाईयां





पत्नी नताशा के बर्थडे पर वरुण धवन ने कुछ इस तरह दी बधाईयां

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल बी-टाउन के फेमस कपल्स में से एक कहे जाते है। वरुण हमेशा ही पत्नी नताशा संग खूबसूरत फोटोज साझा करते रहते हैं। हाल ही में वरुण ने नताशा के साथ बेहद ही प्यारी फोटोज भी साझा कर दी है जो इस समय इंटरनेट पर चर्चाओं का विषय बन चुकी है।

वरुण ने ये तस्वीर नताशा के जन्मदिन पर साझा कर दी गई है। प्रथम फोटोज में वरुण नताशा संग सेल्फी लेते हुए दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी फोटोज में नताशा वरुण के गालों पर किस करती दिखाई दे रही है। आखिरी फोटो के बारें में बात की जाए तो इसमें मिसेज धवन अपने पेट डॉग पर प्यार लुटाने लगी है। इन तस्वीरों के साथ वरुण ने लिखा-इस गृह की मेरे पसंदीदा दिल की धडक़न को हैप्पी बर्थडे जॉय की मम्मा को भी। नताशा और वरुण की इन तस्वीरों को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।

पर्सनल लाइफ के बारें में बात की जाए तो वरुण धवन ने इसी वर्ष 24 जनवरी में लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल संग विवाह के बंधन में बंधे थे। कपल ने परिवार और कुछ दोस्तों के बीच अलीबाग में विवाह रचाया था। वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो वरुण आखिरी बार सारा अली खान के साथ कुली नंबर 1 के रीमेक में भी दिखाई दे चुके है। अपकमिंग मूवी के बारें में बता दें कि वरुण जुग जुग जीयो, भेडिया जैसी मूवीज हैं। जिसके साथ साथ वह जाह्नवी कपूर के साथ मूवी बवाल में दिखाईं देंगी।

## फरहान की पत्नी शिबानी ने शेयर की गुड न्यूज़

फरहान अख्तर को लेकर एक बड़ी खबर आई है। जी दरअसल जल्द हआ आप फरहान को मार्वल की नई सीरीज मिस मार्वल में देखने वाले हैं। आप सभी को बता दें कि अभिनेता इसी साल फरवरी में शिबानी दांडेकर के साथ निकाह पढ़ा हैं। इन सभी के बीच एक बार फिर से फरहान के फैंस के लिए गुड न्यूज आई है। जी दरअसल एक्टर मार्वल की नई सीरीज मिस मार्वल में नजर आएंगे। वहीँ इस खबर को शेयर कर उनकी पत्नी ने इसपर रिएक्ट किया है।

जी दरअसल शिबानी दांडेकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। आप देख सकते हैं इस पोस्ट के अनुसार फरहान अख्तर मिस मार्वल के कलाकारों का हिस्सा होंगे और मार्वल स्टूडियोज की पहली मुस्लिम सुपरहीरो सीरीज मिस मार्वल में वो नजर आएंगे। बताया जा रहा है यह इमान वेल्लानी को कमला खान के रूप में दिखाएगा, जो जर्सी सिटी में पली-बढ़ी एक मुस्लिम अमेरिकी किशोरी है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा